APEX HOSPITALS

30 YEARS of Excellence in Services

# APEX SAMWAD

Rajasthan's Most Trusted and Largest Super Specialty Hospital Network
Jaipur - Malviya Nagar & Mansarovar | Bikaner | Sawai Madhopur | Jhunjhunu | Sri Ganganagar | Udaipur | Lucknow
वॉल्यूम 20, जनवरी 2026




## एपेक्स परिवार के लिए संदेश

प्रिय एपेक्स परिवार, आप सभी की मेहनत, समर्पण और सेवा भाव से ही एपेक्स हॉस्पिटल्स आज लोगों के विश्वास का नाम बना है। हमारे डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ और सहयोगी टीम हर दिन मरीजों की देखभाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही हैं। 26 जनवरी को मनाया गया गणतंत्र दिवस हमें हमारे कर्तव्यों, एकता और जिम्मेदारी की याद दिलाता है। इस अवसर से हमें यह प्रेरणा मिली कि हम मिलकर, ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ, समाज को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ देते रहें।



धन्यवाद
**डॉ. एस.बी.झंवर**
चेयरमैन एपेक्स हॉस्पिटल्स

8 हॉस्पिटल्स | 30+ वर्षों का विश्वास | 250+ अनुभवी डॉक्टर्स | 1 करोड़+मरीजों का विश्वास

New Joining's

## एपेक्स परिवार में नए सदस्यों का स्वागत





एपेक्स हॉस्पिटल्स परिवार में नए डॉक्टर्स एवं टीम सदस्य का स्वागत है। डॉ. मोहम्मद रेहान (गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी) मालवीय नगर, डॉ. धीरज कुमार मीणा (इंटरनल मेडिसिन) सवाई माधोपुर और श्री राजेंद्र शर्मा (ग्रुप हेड–इंजीनियरिंग व मेंटेनेंस) जयपुर से जुड़े हैं।

New Year Celebration


## एपेक्स हॉस्पिटल्स में नववर्ष का उत्साहपूर्ण स्वागत

एपेक्स हॉस्पिटल्स के सभी यूनिट्स में नववर्ष हर्ष और सकारात्मक ऊर्जा के साथ मनाया गया। डॉक्टर्स, नर्सिंग स्टाफ और कर्मचारियों ने मिलकर नए साल का स्वागत किया। यह अवसर टीम भावना, समर्पण और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के संकल्प का प्रतीक रहा।







Health Talk

## SDRF RGHS बीकानेर में डॉ. अशोक पूनिया की स्वास्थ्य वार्ता

SDRF RGHS विभाग, बीकानेर में डॉ. अशोक पुनिया द्वारा स्वास्थ्य वार्ता कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें कर्मचारियों को सामान्य स्वास्थ्य देखभाल और आपात स्थिति में क्या करना चाहिए, इसकी जानकारी दी गई, कार्यक्रम का उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना और स्वस्थ आदतों को प्रोत्साहित करना था।




Inauguration

## एपेक्स हॉस्पिटल्स, उदयपुर में डेंटल सुविधा का शुभारंभ

एपेक्स हॉस्पिटल्स, उदयपुर में 26 जनवरी, गणतंत्र दिवस के अवसर पर डेंटल सुविधा का शुभारंभ किया गया। इस सेवा का उद्देश्य मरीजों को बेहतर दंत चिकित्सा एवं सुविधाजनक उपचार उपलब्ध कराना है।





Doctors' Conclave

## एपेक्स हॉस्पिटल्स द्वारा संचालित गोयल हॉस्पिटल, लखनऊ में चिकित्सकों का मिलन समारोह

एपेक्स हॉस्पिटल्स द्वारा संचालित गोयल हॉस्पिटल, लखनऊ में डॉक्टर्स का गेट-टुगेदर आयोजित हुआ, जिसमें विभिन्न विशेषज्ञताओं के डॉक्टर्स शामिल हुए, कार्यक्रम का उद्देश्य आपसी संवाद और सहयोग को बढ़ावा देना था।



Free Health Checkup Camp

## एपेक्स हॉस्पिटल्स, मानसरोवर में निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर आयोजित

एपेक्स हॉस्पिटल्स, मानसरोवर द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 146 से अधिक मरीजों की जांच की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पारस जैन उपस्थित रहे। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय नागरिकों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना और समय पर जांच सुविधा उपलब्ध कराना था।





Emergency Care Awareness Program

## एपेक्स हॉस्पिटल्स, बीकानेर में स्वास्थ्य शिविर एवं बीएलएस प्रशिक्षण




एपेक्स हॉस्पिटल्स, बीकानेर ने टाइम बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से एक सफल स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर में आमजन को निःशुल्क परामर्श व जांच सुविधाएं दी गईं। डॉ. राजेन्द्र बिश्नोई व डॉ. गुरजीत ने बीएलएस का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। साथ ही अस्पताल की सेवाओं व आपातकालीन उपचार व्यवस्था की जानकारी साझा की गई।

Glimpse

## पतंग वितरण के साथ शुरू हुआ 'सेफ एंड क्लीन संक्रांति' अभियान



जयपुर शहर के विभिन्न इलाकों में एपेक्स हॉस्पिटल्स, की ओर से निःशुल्क पतंग वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान शहर की विभिन्न कच्ची बस्तियों में बच्चो को पतंग एवं डोर वितरित की गई एवं सुरक्षित तरीके से मकर संक्रांति पर्व मनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के आयोजक, हॉस्पिटल समूह के एसोसिएट डायरेक्टर सिद्धांत झंवर ने बताया कि इस पर्व पर हर बच्चे के चेहरे पर मुस्कान लाना अस्पताल का ध्येय था। इसी उद्देश्य के चलते 'सेफ एंड क्लीन संक्रांति' अभियान चलाया गया, इसके अंतर्गत मकर संक्रांति के अवसर पर किसी व्यक्ति के दुर्घटना ग्रस्त होने पर अस्पताल की ओर से निःशुल्क प्राथमिक चिकित्सा दी गयी। सिद्धांत झंवर ने बताया कि मकर संक्रांति के बाद निगम एवं बिजली विभाग के सहयोग से सफाई अभियान भी चलाया गया। जिसके अंतर्गत पतंग एवं मांझे से बिजली के तारों पर होने वाली समस्याओं एवं कचरे का निस्तारण किया गया।

Monthly Appreciation

## मासिक सम्मान एवं सराहना

एपेक्स हॉस्पिटल्स के सभी यूनिट्स में इस माह उत्कृष्ट कार्य, समर्पण और टीम भावना के लिए कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। आपकी मेहनत और प्रतिबद्धता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है।









Medical Win

## एपेक्स स्काईलाइन हॉस्पिटल, झुंझुनू के डॉक्टरों ने पेश की मिसाल, मौत के मुँह से बाहर निकाला 60 वर्षीय बुजुर्ग

एपेक्स स्काईलाइन हॉस्पिटल, झुंझुनूं में शॉक की स्थिति में पहुंचे 60 वर्षीय मरीज का इलाज कर जान बचाई गई। 60 वर्षीय मदन लाल को अचानक घबराहट, पसीना आने, सांस लेने में तकलीफ होने, चक्कर आने व बेहोश होने पर अस्पताल में लाया गया। इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कर जांच कराई तो पता चला कि मरीज का बीपी कम था। हृदय की गति सामान्य से तेज थी। ऑक्सीजन का स्तर गिर रहा था और मरीज के शरीर में लैक्टेट की मात्रा काफी बढ़ी हुई थी। जो इस बात का संकेत था कि शरीर के अंग काम करना बंद कर रहे थे। डॉक्टरों ने परिजनों की सहमति के बाद तुरंत आईसीयू में भर्ती कर इलाज शुरू किया। समय रहते सही उपचार मिलने के कारण मरीज की स्थिति में सुधार होना शुरू हुआ और वे खतरे से बाहर आ गए।



8 हॉस्पिटल्स | 30+ वर्षों का विश्वास | 250+ अनुभवी डॉक्टर्स | 1 करोड़+मरीजों का विश्वास

CME in Jaipur on Advancements in Robotic Surgery and Transplant

## एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर में रोबोटिक सर्जरी और ट्रांसप्लांट में नवाचारों पर एक्सपर्ट ने किया अपडेट










एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर में जयपुर मेडिकल एसोसिएशन की ओर से सीएमई (कंटिन्यूइंग मेडिकल एजुकेशन) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें रोबोटिक सर्जरी और ट्रांसप्लांट जैसे आधुनिक चिकित्सा क्षेत्रों पर एक्सपर्ट चिकित्सको ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर जेएमए के अध्यक्ष डॉ. जगदीश मोदी ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया और कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अशोक गुप्ता ने भाग लिया, आयोजन में एपेक्स हॉस्पिटल्स समूह के लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. राजनीश, यूरोलॉजिस्ट डॉ. सौरभ जैन, कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल यादव, डॉ. आशीष वर्मा, नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. अजयपाल सिंह, एसएमएस हॉस्पिटल के हेड, गैस्ट्रो सर्जन डॉ. राम डागा समेत अन्य वक्ताओं ने पैनल डिस्कशन एवं प्रजेंटेशन के जरिए रोबोटिक्स एवं ट्रांसप्लांट के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों एवं एडवांस तकनीक के बारे में विस्तार से बताया। आयोजन में शहर के करीब 250 से अधिक चिकित्सक शामिल हुए। कार्यक्रम संयोजक डॉ. सचिन झंवर ने आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों के जरिए चिकित्सको को मेडिकल नवाचारों से अपडेट रहने का अवसर मिलता है एवं लगातार बढ़ रहे रोबोटिक एवं ट्रांसप्लांट जैसे क्षेत्रों में हो रहे ग्लोबल डेवलपमेंट को समझने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम के समापन पर जेएमए के सचिव डॉ. अनुराग तोमर ने सभी आगंतुकों, वक्ताओं और सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

Empathy

## एपेक्स हॉस्पिटल्स द्वारा संचालित गोयल हॉस्पिटल, लखनऊ की नर्स द्वारा कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल



एपेक्स हॉस्पिटल्स द्वारा संचालित गोयल हॉस्पिटल, लखनऊ में एक आरटीए केस के दौरान ड्यूटी पर आने वाली नर्स ज्योति ने सराहनीय तत्परता और संवेदनशीलता का परिचय दिया। उन्होंने बिना समय गंवाए मरीज की देखभाल को प्राथमिकता दी और तुरंत उपचार में जुट गईं। उनका यह कार्य एपेक्स के मूल्यों—जवाबदेही और करुणा—को दर्शाता है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

ECHS Cashless Treatment Facility

## एपेक्स स्काईलाइन हॉस्पिटल, झुंझुनू में ईसीएचएस लाभार्थियों को कैशलैस इलाज की सुविधा




एपेक्स स्काईलाइन हॉस्पिटलस, झुंझुनू के लिए यह गर्व का विषय है कि अब अस्पताल ईसीएचएस (ECHS) पैनल में शामिल हो गया है। इसके अंतर्गत ईसीएचएस के सभी लाभार्थियों को अस्पताल में उपचार एवं संबंधित स्वास्थ्य सेवाएं कैशलैस सुविधा के साथ उपलब्ध कराई जाएंगी। इस पहल से क्षेत्र के पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाओं का लाभ मिलेगा।

Wellness Check

## बीछवाल औद्योगिक क्षेत्र, बीकानेर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित





बीकानेर के बीछवाल औद्योगिक क्षेत्र स्थित खंडेलवाल फूड फैक्ट्री (खाओसा) में एपेक्स हॉस्पिटल्स के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में फैक्ट्री में कार्यरत कर्मचारियों की सामान्य स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें रक्तचाप, शुगर एवं अन्य आवश्यक जांच शामिल रहीं। चिकित्सकों द्वारा कर्मचारियों को स्वास्थ्य से जुड़ी आवश्यक जानकारी एवं परामर्श भी दिया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य कार्यस्थल पर स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़ाना और समय पर जांच के माध्यम से बीमारियों की रोकथाम करना रहा।

## Employee Corner

मैं वर्ष 2008 से एपेक्स हॉस्पिटल्स से जुड़ा हुआ हूँ और वर्तमान में हेड नर्सिंग सुपरिटेंडेंट के रूप में कार्यरत हूँ। वर्ष 2021 से अब तक मैं एपेक्स स्काईलाइन में अपनी सेवाएँ दे रहा हूँ। मुझे गर्व है कि मैं एपेक्स स्काईलाइन का पहला कर्मचारी हूँ और इसकी शुरुआत से लेकर आज तक की पुरी विकास यात्रा का हिस्सा रहा हूँ। मेरे लिए नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं, बल्कि सेवा, संवेदना और जिम्मेदारी का माध्यम है। इन वर्षों में मैंने नर्सिंग सेवाओं की गुणवत्ता, अनुशासन और मरीज-केंद्रित देखभाल को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य किया है। एपेक्स हॉस्पिटल्स ने मुझे सीखने, नेतृत्व करने और टीम के साथ मिलकर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने का अवसर दिया। एपेक्स स्काईलाइन की विकास यात्रा का हिस्सा बनना मेरे लिए सम्मान की बात है।



Altaf Ali Kachhawa
Head Nursing Superintendent
Apex Hospitals, Jhunjhunu

8 हॉस्पिटल्स | 30+ वर्षों का विश्वास | 250+ अनुभवी डॉक्टर्स | 1 करोड़+मरीजों का विश्वास